



# एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षाओं का समापन



**पानसेमल, ( नवभारत )।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पानसेमल और अन्य केंद्रों पर 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं का शनिवार समापन हो गया। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी तथा कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ हुई थी। कन्या विद्यालय में परीक्षार्थियों की दर्ज संख्या कक्षा 10वीं में 241 तथा कक्षा 12वीं में 173 रही।

केंद्राध्यक्ष सुनील सोनी, सहायक केंद्राध्यक्ष नानाभाऊ सूर्यवंशी, सुदाम पवार के मार्गदर्शन में परीक्षा का संचालन अनुशासनात्मक संपन्न हुआ। लिपिकीय कार्य रामजी जाधव, प्रवीण पवार, पवन खेड़कर द्वारा संपन्न किया गया। संस्था के वरिष्ठ संजय कुमार शिरोडे एवं सुधीर पाटिल द्वारा जानकारी दी गई। परीक्षा समापन के बाद परीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। परीक्षा के दौरान जिले से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया गया। पुलिस प्रशासन का सहयोग प्राप्त हुआ। परीक्षाओं में संस्था प्रभारी सरिता धार्वे का सहयोग रहा।

### अधिकारी लगातार करते रहे निरीक्षण

केंद्राध्यक्ष सुनील सोनी, सहायक केंद्राध्यक्ष नानाभाऊ सूर्यवंशी, सुदाम पवार के मार्गदर्शन में परीक्षा का संचालन अनुशासनात्मक संपन्न हुआ। लिपिकीय कार्य रामजी जाधव, प्रवीण पवार, पवन खेड़कर द्वारा संपन्न किया गया।

संस्था के वरिष्ठ संजय कुमार शिरोडे एवं सुधीर पाटिल द्वारा जानकारी दी गई। परीक्षा समापन के बाद परीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। परीक्षा के दौरान जिले से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया गया।

## होली पर्व और रमजान माह में पेश की मिसाल

**बड़वानी।** वर्तमान में चल रहे रमजान माह और रंगों के त्यौहार होली में शहर निवासी पिंकी गुप्ता द्वारा मिसाल पेश की गई है। उन्होंने रंग और रहमत दोनों त्यौहार को मनाते हुए हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया है। पिंकी गुप्ता ने जया शर्मा, प्रिया सोनी, निकिता, राजा परिहार सहित अन्य मित्रों के साथ मिलकर हम सब एक हैं। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई हम सब भाई-भाई तर्ज पर संदेश दिया। पिंकी गुप्ता ने बताया कि भाजपा की मुनिरा सालिवाला एवं रानी खान रमजान के पवित्र माह में मुस्लिम धर्म अनुसार प्रतिदिन बिना कुछ खाए पीये रोज़े रख रहे हैं। पिंकी गुप्ता द्वारा अलग-अलग दोनों के निवास पहुंचकर दोनों का रोज़ा अफ्तार कराया गया। उक्त कार्य करने से बड़वानी शहर में सभी धर्मों एवं वर्गों में खुशी का माहौल है।





# 6 वर्षीय नाज फातिमा ने रखा पहला रोजा

**सेंधवा, ( नवभारत )।** मुस्लिम समाज का पवित्र महीना रमज़ान शरीफ होता है। इस महीने में मुस्लिम समाज के लोग 1 महीने रोजा रख अपने रब की इबादत करते हैं। इस अवसर पर शहर के रज़ा नगर टैगोर बेड़ी निवासी इमरान शेख की 6 साल की बच्ची नाज़ फातिमा ने रोजा रखा।

बच्ची ने पूरे 13 घण्टे 13 मिनट भूखी और प्यासी रहकर बहुत कम उम्र में रोजा रखा। ये बड़ी खुशी की बात है कि इतनी तेज गर्मी के मौसम में कम उम्र के मासूम बच्चे रोजा रख रहे हैं और खास तौर पर बच्चों के माता-पिता जो कम उम्र के बच्चों को अभी से रोजा रखवा कर उनके हौसले को बड़ा रहे हैं। ताकी बड़े होकर वो रोजे छोड़े नहीं।

मजहब ए इस्लाम में रोजे रखने का मकसद यह भी बताया गया कि इंसान भूखा और प्यासा रहकर जब भूख प्यास को महसूस करता है, तो गरीबों की मदद करने और उनका ध्यान रखने की भावना उसके मन में प्रेरित होती है।

# रामनवमी पर निकलने वाली सांई पालकी यात्रा को लेकर बैठक

- गायत्री मंदिर से पालकी यात्रा होगी शुरू
- शहर में जगह-जगह होगा भव्य स्वागत



**बड़वानी, ( नवभारत )।** रामनवमी पर्व आयोजन को लेकर 6 मार्च को श्री सांई शनिश्वर सेवा समिति की बैठक मंदिर परिसर में हुई। जिसमें निर्णय लिया कि इस वर्ष भी 26 मार्च को शाम 4 बजे गायत्री माता मंदिर से भव्य सांई पालकी यात्रा निकाली जाएगी। 27 मार्च को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन होगा।

पालकी यात्रा में भगवान सांई बाबा की आकर्षक पालकी सजाई जाएगी तथा प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा चलित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं इंदौर के कलाकारों द्वारा सांई बाबा व शिरडी की जीवंत झांकी प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही अघोरी नृत्य, मां कालिका नृत्य और बजरंग बली के श्रृंगार के साथ विशेष प्रस्तुतियां भी होंगी।

पालकी यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। प्रमुख रूप से सांई हॉस्पिटल, सांई सुपर बाजार, वार्ड 6 के पार्षद सचिन शर्मा, तिरुपति मित्र मंडल मधुरम गोल्ड, विघ्नहर्ता मित्र मंडल एमजी रोड, दीपेश पांडेय नवोदय मित्र मंडल और योगेश्वर साई संस्थान डिपो प्रांगण सहित अन्य स्थानों पर भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में समिति की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजेश राठौर, उपाध्यक्ष पत्रकार आदित्य शर्मा, रणछोड़ जाट, भोला राम सेन, सचिव विजय जोशी, सह सचिव गिरीश भावसार, कोषाध्यक्ष प्रेमलाल यादव, सुरेश यादव, पालकी प्रभारी संजय गुप्ता, विष्णु बंडे, पालकी यात्रा संयोजक नवीन शर्मा तथा सह संयोजक विक्रम सिसोदिया, विजय सेन, दीपक गहलोत, यश बिल्लोरे बनाए गए। प्रचार मंत्री पत्रकार आदित्य शर्मा और 2 लोगों को प्रचार मंत्री को बनाया गया।

महिला प्रकोष्ठ में जया शर्मा को महिला अध्यक्ष तथा नेहा शर्मा, सुनीता राठौर, सैलजा पारगिर, गायत्री गुप्ता, मनीषा राठौर, ज्योति गोयल और स्वेता भावसार को महिला उपाध्यक्ष बनाया है। वहीं भंडारा समिति में दिलीप कुशवाह, महेंद्र कुशवाह, कैलाश नरगांव, राजेश राठौर, राजू चौधरी, शकु राठौर, नरेंद्र बरफा, विनोद कुशवाह, मोहन कुशवाह, भुकेश धनगर और प्रदीप कवच को जिम्मेदारी दी गई।

### भोजन प्रसादी भी...

मंदिर के पुजारी पंकज शर्मा ने कार्यकारिणी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्याम गुप्ता, संजीव वर्मा, वासुदेव मुकाती, राजेश गुप्ता, जगदीश शर्मा, संदीप पटेल, अजय खंडेलवाल, किशोर ठाकुर, आनंद हल्दीवाल, संजू जोशी, लछु कुशवाह, मनीष पुरोहित, राजेंद्र पिपरे, अनिल जोशी, प्रतीक शर्मा सहित बड़ी संख्या में सांई भक्त उपस्थित रहे। भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा आभार राजेंद्र पिपरे ने माना।

# धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**सेंधवा, ( नवभारत )।** शिक्षा प्रसारक समिति द्वारा जोगवाड़ा रोड स्थित भवन में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष रविंद्रसिंह मंडलोई ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये रंगों का त्यौहार है, जिसे हम सभी मिलजुल कर मनाते हैं। पूर्व अध्यक्ष पीरचंद मित्तल एवं उपाध्यक्ष शैलेष कुमार जोशी ने होली पर्व की शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम में नितिन शर्मा एवं हिमांशु मालाकार ने सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन स्वाति तिवारी ने किया। मीना सोनी ने खेल प्रतियोगिता कराई। आभार संस्था सचिव अशोक कुमार सकलेचा ने माना। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष दिलीप कानूनगो, कोषाध्यक्ष दीपक लालका, सहसचिव मनोज कानूनगो, महेश सोनी, प्रहलाद यादव, शरद कानूनगो, मोहन शरण खंडेलवाल, गिरधारीलाल गोयल, प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## मानसी चोयल बनीं सीए

**बड़वानी।** जिले के ग्राम तलून निवासी शिक्षक राधेश्याम चोयल की पुत्री मानसी चोयल ने चार्टड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की। मानसी सीए परीक्षा पास कर बड़वानी क्षेत्र की पहली महिला सीए बनने जा रही हैं। इस सफलता पर लायंस क्लब के राम जाट, संजय जाट, राजेंद्र पिपरे, अश्विनी मिश्रा, अनिल जोशी ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।





# जिला चिकित्सालय आलीराजपुर में मनाया विश्व श्रवण दिवस

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय आलीराजपुर में श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों, मरीजों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को श्रवण स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा लोगों से समय-समय पर श्रवण परीक्षण कराने की अपील की गई।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सचिन पाटीदार ने इस वर्ष की थीम ' फ्रॉम कम्युनिटी टू क्लासरूम: हियरिंग केयर फॉर ऑल चिल्ड्रन' के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों में श्रवण संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और उचित उपचार से भविष्य में होने वाली गंभीर परेशानियों से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने आमजन को श्रवण हानि के कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय आलीराजपुर में मरीजों की श्रवण जांच (हियरिंग स्क्रीनिंग) भी की गई। इस जांच के माध्यम से लोगों को अपने श्रवण स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त हुई तथा आवश्यकता अनुसार आगे उपचार के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी श्री राजेश अतुलकर ,सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रकाश ढोके सहित जिला चिकित्सालय के अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट-इंटैक वेल के कार्य लक्ष्य के अनुरूप नहीं मिलने पर कलेक्टर नाराज

- गर्मी से पहले पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश...

**आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में पेयजल की उपलब्धता, नल-जल योजना, जल जीवन मिशन एवं जल संरचनाओं के निर्माण की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघमित्रा गौतम, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एस.आर.मेडा, महा प्रबंधक मध्य प्रदेश जल निगम कुलदीप सिंह, नगर पालिका और नगर परिषदों के सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।**

बैठक में कलेक्टर नीतू माथुर ने मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जल निगम महाप्रबंधक ने बताया कि जिले के कुल 539 ग्रामों की 774109 जनसंख्या को शुद्ध पेयजल प्रदाय करने के लिए आलीराजपुर ग्रामीण समूह जल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटैक वेल के कार्यों की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाप्रबंधक जल निगम को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्माण एजेंसियों से सख्ती के साथ कार्य कराया जाए।

बैठक में कलेक्टर माथुर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले में पेयजल व्यवस्था के लिए विभाग द्वारा 16,842 हैंडपंप स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 16,583 वर्तमान में चालू स्थिति में हैं और ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में 158 नलजल योजनाओं में से 120 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 38 योजनाएं प्रगति पर हैं। प्रगतिरत योजनाओं में 85 से 99 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 104 योजनाएं ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित की जा चुकी हैं। जिले के कुल 1,38,101 परिवारों में से अब तक 58,373 परिवारों को नल कनेक्शन पूर्ण किए जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को पेयजल व्यवस्था के लिए नवीन नलकूप खनन के माध्यम से 140 नलकूप खोदने का लक्ष्य दिया गया था, जिसे शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।



### कलेक्टर ने जिले में जल संरचनाओं और पेयजल योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की

कलेक्टर माथुर ने जिला शहरी विकास अभिकरण के अंतर्गत शहरों में पेयजल की स्थिति की भी समीक्षा की और सभी नगर पालिका तथा नगर परिषद के सीएमओ को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में शहरों में पेयजल की आपूर्ति निरंतर बनी रहे और किसी भी प्रकार का पेयजल संकट उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर नीतू माथुर ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित शिकायतों का स्वत: संज्ञान लेकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए सभी जनपद पंचायत स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा उसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई हैंडपंप खराब हो जाए तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए और पेयजल के वैकल्पिक संसाधनों की भी व्यवस्था रखी जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत समाधान किया जा सके।

# कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 24 घंटे में किया अंतरराज्यीय डकैती गिरोह का पर्दाफाश

## 11.400 किलोग्राम चांदी के जेवरात सहित 40 लाख 50 हजार का माल बरामद

**झाबुआ। पांच मार्च को फरियादी पूनमचंद चौहान मेघनगर स्थित अपने प्रतिष्ठान से सोने-चांदी के आभूषण लेकर झाबुआ जा रहा था। दोपहर करीब 02:00 बजे फुलमाल तिराहा के पास हाईवे पर अज्ञात बदमाशों ने उसे रोककर मारपीट की तथा गहनों से भरा बैग लूट लिया। पुलिस ने अपराध क्रमांक 167/2026, धारा 309( 4 ) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।**



उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक शिव दयाल सिंह के निर्देशन में तीन टीमें गठित की गई तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच एवं तकनीकी साक्ष्यों को एकत्रित करते हुए पुलिस टीम ने पाया कि घटना में प्रयुक्त ईको कार (ऋ17 ॅ 8516) से चार आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया तथा तत्काल हाईवे पकड़कर राजस्थान भाग गये।

गिरफ्तार आरोपी- 01) शहाबुद्दीन पिता इकबाल मोहम्मद (उम्र 29 साल) - निवासी: आवर थाना पगारिया, जिला झालावाड़, राजस्थान।02) शाहरुख पिता मनसुर अली (उम्र 21 साल) - निवासी: आवर थाना पगारिया, जिला झालावाड़, राजस्थान।

03) राहुल पिता घनश्याम (उम्र 25 साल) - निवासी: आवर थाना पगारिया, जिला झालावाड़, राजस्थान। 04) जयश पिता अनिल जैन (उम्र 26 साल) - निवासी: आवर थाना पगारिया, जिला झालावाड़, राजस्थान

जप्त सामग्री : पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 40 लाख 50 हजार रुपये मूल्य का मशरुका जब्त किया है, जिसमें शामिल हैः

01) 11.400 किलोग्राम चांदी: (कीमती लगभग 32 लाख 50 हजार रुपये) 02) सोने के आभूषण: (कीमती लगभग 1 लाख रुपये) 03) ईको कार (ऋ17 ॅ 8516): घटना में प्रयुक्त, कीमत लगभग 7 लाख रुपये।

**सराहनीय कार्यवाही:** 'इस त्वरित कार्यवाही में एसडीओपी झाबुआ रूपरेखा यादव, थाना प्रभारी कोतवाली आर.सी. भास्करे, उपनिरीक्षक गुलाबसिंह वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक राजेश, सहायक उपनिरीक्षक ज्ञान बहादुर, आरक्षक गणेश, आरक्षक चन्द्रभान तथा साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद इनाम की घोषणा की गई।'



# आचार्य श्री नवरत्न सागर जी के 83वें जन्मोत्सव पर पेटलावद में गौ-सेवा, खिलाई सब्जी और गुड़

**पेटलावद।** आचार्य श्री नवरत्न सागर जी महाराज के 83वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नाकोड़ा भैरव दरबार मेवा नगर पेटलावद द्वारा इस मंगल अवसर को सेवा कार्य के रूप में मनाते हुए भैरव दरबार के सदस्यों ने स्थानीय गौशाला पहुँचकर गौ-वंश की विशेष सेवा की।

गादीपति सुमित जी पीपाड़ा के नेतृत्व में ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने गौशाला में बड़ी मात्रा में हरी सब्जियाँ और गुड़ का वितरण किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं और सदस्यों ने श्रद्धा भाव से गायों को अपने हाथों से ग्रास खिलाया। गादीपति सुमित जी पीपाड़ा ने इस अवसर पर कहा कि आचार्य श्री का जीवन हमें करुणा और जीव दया का संदेश देता है, और उनके जन्मोत्सव पर बेजुबान जीवों की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची कृतज्ञता है।